Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 200 रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

पुलिस परेड ग्राउंड में जवानों ने किया फाइनल रिहर्सल

15 अगस्त को लेकर तैयारियां जोरों पर

रायपुर, 13 अगस्त (हाईवे चैनल)। 15 अगस्त को लेकर तैयारियां जोरों पर है वही आज पुलिस परेड ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल हुआ जिसमें जवानों के साथ-साथ स्कूलों बच्चों द्वारा अंतिम अभ्यास किया गया 15 अगस्त के दिन ध्वजारोहण के पश्चात प्रस्तुति दिया जाएगा जो आकर्षण का केंद्र रहेगा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीएम विष्णुदेव साय पुलिस परेड ग्राउंड में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण करेंगे। इस दौरान अश्व दल, बैगपाइपर, एनसीसी कैडेट्स समेत सुरक्षा बलों की कुल 17 टुकड़ियां परेड करेंगी। वही बस्तर जिला मुख्यालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, बिलासपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा दुर्ग में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सरगुजा में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, गरियाबंद में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, बालोद में वन मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, जशपुर में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रायगढ़ में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, सूरजपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, जांजगीर-चांपा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, बलौदाबाजार में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, कवर्धा में सांसद संतोष पांडेय, बलरामपुर में सांसद चिंतामणि महाराज, महासमुंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, सारंगढ़ में सांसद राधेश्याम राठिया, सक्ती में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, बीजापुर में सांसद महेश कश्यप, कांकेर में सांसद भोजराज नाग, तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह मरवाही में विधायक धरमलाल कौशिक, कोरिया में विधायक अमर अग्रवाल, धमतरी में विधायक अजय चंद्राकर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, कोंडागांव में विधायक सुश्री लता उसेंडी, नारायणपुर में विधायक विक्रम उसेंडी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में विधायक राजेश मूणत, दंतेवाड़ा में विधायक किरण देव और सुकमा जिला मुख्यालय में विधायक धरमजीत सिंह स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

प्रदेश भाजपा संगठन में बड़ा उलटफेर
2 महिलाएं बनीं उपाध्यक्ष

नई कार्यकारिणी में राम गर्ग कोषाध्यक्ष, संतोष पांडे मुख्य प्रवक्ता तथा मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही को बनाया गया

रायपुर, 13 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन में बड़ा फेरबदल किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगप्रकाश नड्डा की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, एवं मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्षों, संयोजकों की नियुक्ति की है। नई टीम में 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 8 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 कार्यालय मंत्री, 1 सह कार्यालय मंत्री, 1 मुख्य प्रवक्ता तथा 12 प्रवक्ता नियुक्त किए है। वहीं प्रदेश युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, किसान मोर्चा, अजा मोर्चा, अजजा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, प्रकोष्ठ संयोजक, सहसंयोजक, मीडिया संयोजक, सोशल मीडिया संयोजक एवं आईटी संयोजक की भी नियुक्ति की गई है जिसमें हेमंत पाणिग्रही को मीडिया संयोजक, राम गर्ग को कोषाध्यक्ष तथा संतोष पांडे को मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। 8 उपाध्यक्ष में 2 महिलाओं को भी स्थान दिया गया है महासमुंद सांसद रूपकुमार चौधरी और धमतरी की रंजना साहू उपाध्यक्ष बनी है।

भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की सूची

नाम	पद	नाम	पद
जगन्नाथ पाणिग्रही	उपाध्यक्ष	नलिनीश्र ठोकने	प्रवक्ता
रामजी भारती	उपाध्यक्ष	अमित विमनानी	प्रवक्ता
श्रीमती सपकुमारी चौधरी	उपाध्यक्ष	शिवनारायण पाण्डेय	प्रवक्ता
श्रीमती रंजना साहू	उपाध्यक्ष	प्रमोद कुमार शर्मा	प्रवक्ता
प्रबल प्रताप सिंह जूदेव	उपाध्यक्ष	टेकेश्वर जैन	प्रवक्ता
नंदन लाल जैन	उपाध्यक्ष	डॉ. विजय शंकर मिश्रा	प्रवक्ता
जी. वेंकटेश्वर	उपाध्यक्ष	श्रीमती किरण बघेल	प्रवक्ता
सतीश लाटिया	उपाध्यक्ष	वेदराम जांगड़े	प्रवक्ता
यशवंत जैन	महामंत्री	श्रीमती शताब्दी पाण्डेय	प्रवक्ता
अखिलेश सोनी	महामंत्री	के. एल. चौहान	प्रवक्ता
नवीन मारकंडे	महामंत्री	उज्जवल दीपक	प्रवक्ता
श्रीमती संध्या परधनिया	मंत्री	राहुल योगराज टिकरिहा	प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा
शिवनाथ यादव	मंत्री	श्रीमती विभा अवस्थी	प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा
जयंती पटेल	मंत्री	अशोक साहू प्रदेश	अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा
अमित साहू	मंत्री	आलोक सिंह ठाकुर	प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा
जितेन्द्र कुमार वर्मा	मंत्री	डॉ. सनम जांगड़े	प्रदेश अध्यक्ष अजा मोर्चा
श्रीमती हर्षिता पाण्डेय	मंत्री	सत्यनारायण सिंह	प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा
श्रीमती विद्या सिदार	मंत्री	मखमूर इकबाल खान	प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा
सुब्रतु चौरसिया	मंत्री		
राम गर्ग	कोषाध्यक्ष	अवधेश सिंह चंदेल	प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक
अशोक बजाज	कार्यालय मंत्री	चुन्नीलाल साहू	प्रदेश प्रकोष्ठ सह-संयोजक
प्रीतेश गांधी	सह-कार्यालय मंत्री	हेमंत पाणिग्रही	मीडिया संयोजक
संतोष पांडे	मुख्य प्रवक्ता	मिताल कोठारी	सोशल मीडिया संयोजक
देवलाल ठाकुर	प्रवक्ता	सुनील पिल्लई	आईटी संयोजक

ब्रेकिंग न्यूज

अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग महिला को मारी ठोकर, मौत

धमतरी, 13 अगस्त (हाईवे चैनल)। आज सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी जिसमें एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 6 बजे संबलपुर बाईपास मोड पर अज्ञात वाहन ने बुजुर्ग महिला को चपेट में ले लिया जिससे महिला लहुलुहान हो गई। महिला को गंभीर रुप से घायल देख तत्काल राहगीर द्वारा इसकी सूचना पुलिस व वरदान एंबुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान को दिया गया। तत्काल एंबुलेंस लेकर शिवा प्रधान पप्पू साहू खिलावन साहू अर्जुनी पेट्रोलिंग के द्वारा सहयोग कर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग महिला विक्षिप्त थी। ऐसे में समाचार लिखे जाने तक मृतिका की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन व मृतिका के परिजनों की पतासाजी की जा रही है।

अगले महीने अमेरिका जा सकते हैं मोदी, ट्रंप से मुलाकात की संभावना

नई दिल्ली, 13 अगस्त (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने के लिए अमेरिका जा सकते हैं और व्यापार संबंधों में गिरावट के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की योजना बनाई जा रही है ताकि व्यापार संबंधी मुद्दों को सुलझाया जा सके। सूत्रों के अनुसार, ट्रंप के अलावा, प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की सहित विदेशी नेताओं के साथ भी उच्च स्तरीय बैठकें कर सकते हैं। एनजीए शिखर सम्मेलन सितंबर में न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया जाएगा। 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह के दौरान वैश्विक नेताओं का आगमन शुरू हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा का 80वाँ सत्र 9 सितंबर से शुरू होगा और उच्च-स्तरीय आम बहस 23 से 29 सितंबर तक चलेगी महासभा के 80वें सत्र की उच्च-स्तरीय बहस के लिए वक्ताओं की अनंतिम सूची के अनुसार, भारत के शासनाध्यक्ष 26 सितंबर की सुबह सत्र को संबोधित करेंगे।

चूहा- सुनती हो, भाजपा ने अपने प्रदेश की नई टीम का ऐलान कर दिया है।
चुहिया- हां जी, लेकिन काम तो वही होगा जो आलाकमान कहेंगे।

शासकीय कार्य में बाधा डालने पर शोएब ढेबर गिरफ्तार

रायपुर, 13 अगस्त (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में शासकीय कार्य में बाधा डालने और अवैधानिक तरीके से केन्द्रीय जेल में घुसने के मामले में पुलिस ने शोएब ढेबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। मामला विचाराधीन बंदी और शोएब के पिता अनवर ढेबर से जुड़ा है।

पुलिस के मुताबिक, रविवार को शोएब ढेबर मुलाकात कक्ष में तैनात प्रहरी से अपने पिता से मिलने की अनुमति मांगने पहुंचे। अनुमति न मिलने पर उन्होंने गाली-गलौज और धमकी देते हुए जबरन प्रवेश कर लिया। प्रहरी ने तुरंत सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी, जिसके बाद थाना गंज पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 204/25, धारा 296, 329, 211 बीएनएस समेत प्रतिबंधात्मक धाराओं में मामला दर्ज किया गया। गंज थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि जेल में बिना अनुमति प्रवेश गंभीर अपराध है और इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, चाहे आरोपी कोई भी हो।

छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल चुनाव पर लगाया गया बैन बरकरार
बीसीआई के नियम के खिलाफ सुप्रीमकोर्ट जाने की तैयारी

रायपुर, 13 अगस्त (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल के आगामी चुनाव में जिला अधिवक्ता संघ और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के मौजूदा पदाधिकारियों के चुनाव लड़ने पर लगा प्रतिबंध हाईकोर्ट ने बरकरार रखा है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्देश के खिलाफ दाखिल याचिका को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया। अब इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी है। गौरतलब है कि स्टेट बार काउंसिल चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 7 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जो 14 अगस्त तक चलेगी। प्रदेश के वकील 25 सदस्यों का चुनाव करेंगे, जिनमें से निर्वाचित सदस्य बाद में अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी चुनेंगे। बीसीआई ने यह नियम लागू किया है कि मौजूदा जिला अधिवक्ता संघ और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे, ताकि मतदाताओं पर प्रभाव डालने की आशंका को रोका जा सके। इस नियम को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव वरूणेंद्र मिश्रा ने चुनौती दी थी। उनका तर्क था कि यह प्रतिबंध संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

इस बार उल्टी पिक्चर : किसान मोदी को धन्यवाद देने पहुंचे

नई दिल्ली, 13 अगस्त (न्यूज चैनल)। अक्सर दिल्ली की सड़कों पर किसान संगठनों की मौजूदगी का मतलब होता है— नारे, धरना, आंदोलन और सरकार से टकराव। लेकिन इस बार नज़ारा बिल्कुल अलग था। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए किसान प्रतिनिधि न तो नाराज़ थे, न ही किसी मांगपत्र के साथ आए थे। वे आए थे धन्यवाद देने— एक ऐसे फैसले के लिए जिसने उनके दिल में भरोसा और चेहरे पर संतोष ला दिया है। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी दबाव को नज़रअंदाज़ करते हुए भारत के कृषि और डेयरी बाजार में विदेशी उत्पादों को खुला प्रवेश नहीं देने का जो निर्णय लिया है, उसने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को यह एहसास दिलाया है कि उनके हित अंतरराष्ट्रीय व्यापार सौदों से ऊपर हैं। यह सिर्फ नीति का सवाल नहीं, बल्कि संबंध और संवेदनशीलता का प्रतीक है।

किसानों की यह यात्रा जो महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत देती है वह है- जब सरकार ऐसे फैसले लेती है जो सीधे ग्रामीण समाज के जीवन और आत्मसम्मान को छूते हैं, तो वही लोग जो कभी विरोध के लिए सड़कों पर उतरते हैं, उसी सरकार के समर्थन में भी खड़े हो सकते हैं। यह भरोसा, अगर लंबे समय तक बना रहा, तो आने वाले वर्षों में भाजपा के लिए एक मजबूत राजनीतिक आधार में तब्दील हो सकता है। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका को एकदम स्पष्ट कर दिया है कि भारत के किसान, पशुपालक और मछुआरे केवल अर्थव्यवस्था का हिस्सा नहीं, बल्कि देश की आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान के केंद्र हैं।

मामूली विवाद पर युवक की चाकू मारकर हत्या

विटौद में चाकूबाजी, संदेही हिरासत में

धमतरी, 13 अगस्त (हाईवे चैनल)। कल एक और चाकूबाजी की वारदात हुई है जिसमे एक युवक की मौत हो गई है.मिली जानकारी के अनुसार कल शाम ग्राम चिटौद में एक युवक की चाकूबाजी में मौत हो गई है.मृतक का शव जिला अस्पताल लाया गया है. प्रदेश में लगातार बढ़ते सूखे नशे और चाकूबाजी की वारदात से लोग कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार पुरुर थानान्तर्गत ग्राम चिटौद में मंगलवार की शाम दो युवको में मामूली विवाद हो गया जिसके बाद संदेही मनीष सिन्हा द्वारा मृतक भागवत मरकाम 32 वर्ष निवासी माडमसिल्ली धमतरी जो कि बालोद में मेहमान बनकर आया था उस पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रुप से घायल भागवत को धमतरी जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस हरकत में आई और संदेही मनीष सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

दो पटवारी सस्पेंड, जमीन घोटाले में कार्रवाई

दुर्ग, 13 अगस्त (हाईवे चैनल)। राज्य सरकार के ऑनलाइन भुईंया एप के माध्यम से दुर्ग जिले में 765 एकड़ शासकीय और निजी भूमि का बंदरबांट करने का मामला सामने आया है. मामले में संलिप्तता पाए जाने के बाद दो पटवारियों को जहां निलंबित किया गया है, वहीं 18 पटवारियों का दूसरे हलकों में तबादला किया गया है. यह पूरा मामला दुर्ग जिले के मुरमुंदा पटवारी हलका से जुड़ा है, जिसके मुरमुंदा गांव, अछोटी गांव, चेटुवा और बोरसी गांव में 765 एकड़ जमीन के रिकार्ड में हेरफेर किया गया है. इसमें आधी जमीन सरकारी और बाकी जमीन निजी है. शासकीय और निजी जमीन का फर्जी तरीके बटांकन कर अलग-अलग व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया गया. यही नहीं फर्जी रिकार्ड के आधार पर कई लोगों ने बैंकों से लोन भी ले लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, जमीन की हेरफेर में बड़ा सिंडिकेट जुड़ा होने का अनुमान है. फर्जीवाड़े के तार रायपुर, दुर्ग, कोरबा समेत अन्य जिलों से जुड़े होने की शंका है. प्राथमिक जांच में सामने आया है कि पाटन के पटवारी मनोज नायक और अहिवारा में पदस्थ पटवारी कृष्ण कुमार सिन्हा की आईडी के जरिए जमीन रिकार्ड से छेड़छाड़ की गई है.

ट्रांसफार्मर लगाने के लिए स्कूली बच्चों से खिंचवाई गई रस्सी

बिलासपुर, 13 अगस्त (हाईवे चैनल)। बिलासपुर के तखतपुर ब्लॉक के शासकीय हाईस्कूल चनाडोंगरी में ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने शिक्षा और बिजली विभाग दोनों की पोल खोल दी. यहां पढ़ाई करने आए स्कूली छात्रों को किताब-कॉपी छोड़कर ट्रांसफार्मर लगाने जैसे जानलेवा काम में लगा दिया गया। दरअसल हाईस्कूल चनाडोंगरी में सोमवार को स्कूली बच्चों से ट्रांसफार्मर खिंचवाने का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है. इसमें छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भारी-भरकम ट्रांसफार्मर को रस्सी के सहारे खींचते दिखाई दे र है.

पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द, आत्मसमर्पण करने आदेश

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

नई दिल्ली, 13 अगस्त (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है। कोर्ट ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनकड़ की हत्या का मामला दर्ज किया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्हें जमानत दे दी थी।

सुशील कुमार पर संपत्ति विवाद में 4 मई, 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में जूनियर पहलवान सागर धनखड़ और उनके दोस्तों पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। हमले में घायल सागर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। पुलिस ने इस मामले में सुशील कुमार को गिरफ्तार किया था। पूरा मामला पूर्व जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या से जुड़ा है। पहलवान सुशील कुमार ने साथियों के साथ मिलकर 5 मई को रात में सागर की पिटाई की थी। बाद में सागर की मौत हो गई थी। इसके अलावा चार और पहलवान भी जख्मी हुए थे। आरोप पत्र में 13 आरोपियों को नामजद किया गया है। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश, अपहरण, डकैती, दंगा समेत अन्य अपराधों में प्राथमिकी दर्ज की थी।

ईडी के शिकंजे में फंसे क्रिकेटर सुरेश रैना, मिला समन

फिल्मी हस्तियां भी घेरे में

नई दिल्ली, 13 अगस्त (न्यूज चैनल)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें 1 एंड बेट बेटिंग ऐप मामले में पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है। रैना को बुधवार को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होना होगा। दरअसल रैना इस ऐप के ब्रांड एंबेसडर हैं और ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है।

ईडी की जांच के घेरे में सुरेश रैना के अलावा कई अन्य क्रिकेटर और बॉलीवुड की हस्तियां भी हैं। हाल ही में हैदराबाद की मियापुर पुलिस ने बेटिंग ऐप को प्रमोट करने के आरोप में अभिनेता राणा दग्गुबाती, प्रकाश राज, मांचू लक्ष्मी और निधि अग्रवाल समेत 25 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस का मानना है कि ये सट्टेबाजी ऐप्स युवाओं को झूठी उम्मीदें देकर उन्हें जुए की लत की ओर धकेलते हैं जिससे समाज में वित्तीय संकट जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं।